# महाकुंभ:नगर विकास मंत्री ने परखी तैयारियां

## अधिकारियों को सख्त हिदायत-मेला में आने वालों श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी,नगर विकास मंत्री ने संगम क्षेत्र के घाटों और मार्गों पर व्यवस्था देखने के साथ प्रयागराज में गलियों से लेकर प्रमुख मार्गो तक का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। जहां उन्होंने रविवार को महाकुम्भ को भव्य दिव्य और अलौकिक बनाने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का कुम्भ मेला क्षेत्र जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। कुम्भ मेला को आखिरी स्वरूप देने तथा बेहतर व्यवस्था हेतु उच्च अधिकारियों के साथ कुम्भ मेला क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद देर शाम तक आईसीसीसी पर बैठक कर व्यापक चर्चा किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मंत्री ए के शर्मा ने बैठक के बाद संगम क्षेत्र पर बनाए गए नए घाटों मार्ग प्रकाश पीने के पानी सहित अनेक व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि ये सारी व्यवस्थाएँ विश्व स्तर की की जा रही हैं। इसके पश्चात प्रयागराज शहर में घूमकर सामुदायिक सार्वजनिक शौचालयों की व्यवस्था और सफ़ाई मार्गों की सफ़ाई प्रकाश व्यवस्था एवं सुशोभन के कार्यों का विस्तृत जायज़ा लिया। गलियों नाले नालियों की सफ़ाई के साथ हवाई अड्डे के नव निर्मित मार्ग पर भव्य कलशनुमा स्तंभ के निर्माण को देखने के बाद अधिकारियों को इन्हें और सुंदर रूप से प्रस्तुत करने के लिए मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि महाकुंभ भारत की श्रद्धा गौरवगाथा संस्कृति और यहां की दिव्य और भव्य विरासत के साथ साथ देश के विकसित व विराट स्वरूप तथा आधुनिक भारत की महानता को दुनिया को दिखाने का भी अवसर है। इस आशय से कुम्भ मेला क्षेत्र सहित प्रयागराज नगर को वैश्विक स्तर की सुंदरता देने का पूरा प्रयास किया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ के दृष्टिगत हज़ारों की संख्या में पीने के पानी के नल कार्यरत करने के अतिरिक्त 250 से ज़्यादा वाटर एटीएम मेला क्षेत्र में जगह जगह लगाये गये हैं। वास्तविकता जानने के लिए उन्होंने उनमें से कुछ का औचक निरीक्षण किया। तीर्थयात्रियों ने बताया कि वह सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने शनिवार को देर रात तक प्रयागराज नगर में घूमकर सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति एवं साफ़ सफ़ाई का निरीक्षण किया और जहां कहीं पर भी कमियां मिली उसके लिए ज़रूरी निर्देश दिए। नगर विकास मंत्री ए के शर्मा ने रविवार को प्रयागराज के सर्किट हाउस में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रयागराज महाकुंभ 2025 की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं कहीं पर भी थोड़ा बहुत कार्य रह गया होगा वह भी जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महाकुंभ को दिव्य भव्य और अलौकिक बनाने के लिए 15 हज़ार करोड रुपए से अधिक के कार्य कराए गए हैं। इसमें से सात हज़ार करोड़ रुपए के कार्य राज सरकार द्वारा और आठ हज़ार करोड रुपए के कार्य केंद्र सरकार द्वारा कराए गए जिसमें रेलवे एयरपोर्ट सड़क चौड़ीकरण घाटों का निर्माण जल निकासी के लिए नाले नालियों का निर्माण सफाई शहर के द्वार आदि के कार्य हुए हैं। विगत छह महीने में प्रयागराज की क्रॉसिंग की समस्या का समाधान हुआ है इसके लिए कई फ्लाइओवर बनाए गए। उन्होंने कहा कि ने महाकुंभ की तैयारी को अंतिम स्वरूप देने तथा कुम्भ मेला क्षेत्र की बेहतर व्यवस्था साफ सफाई स्वच्छ पेयजल शौचालयों की व्यवस्था शेल्टर होम्स लाइटिंग सुशोभन रास्तों का निर्माण घाटों की सफाई आदि व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रयागराज दौरे के दूसरे दिन भी मंत्री ए के शर्मा ने सर्किट हाउस प्रयागराज में उर्जा एवं नगर विकास विभाग के अधिकारियों एवं मेला संबंधित कार्यों एवं सुविधाओं को प्रचारित करने के लिए नगर विकास विभाग की प्रचार प्रसार टीम के साथ बैठक किया। उन्होंने कहा कि आने वाले पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं को सुविधा अनुरूप मेला क्षेत्र की जानकारी एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित जानकारी हेतु प्रचार प्रसार का कार्य निरंतर चलता रहना चाहिए। जिससे लोगों को मेला संबंधी जानकारी मिलती रहे। साथ ही मंत्री ए के शर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को महत्वपूर्ण स्थान आजाद पार्क सभी चौराहे पब्लिक स्पाट पर सड़क किनारे वृक्षों व पार्कों में लाइटिंग कराकर तथा हैंगिंग लाईटों को लगाकर महाकुम्भ की शोभा और बढ़ाने के साथ सेल्फी स्पाट भी बनाने हेतु निर्देशित किया।

# युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत और आध्यात्मिक गुरु थे स्वामी विवेकानंद: बांके बिहारी

## रानी रेवती स्कूल में पुरातन छात्र परिषद ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**प्रयागराज।** विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के विद्यालयों में रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस रूप के रूप में मनाई गई। रानी रेवती देवी सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज राजापुर में पुरातन छात्र परिषद ने विद्यालय के प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया। विद्यालय के संगीताचार्य एवं मीडिया प्रभारी मनोज गुप्ता ने बताया कि सर्वप्रथम प्रधानाचार्य पूर्व छात्र परिषद एवं समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने स्वामी विवेकानंद के चित्र एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित करके स्वामी विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रधानाचार्य बांके बिहारी पाण्डेय ने हिंदुत्व के प्रचारक हिंदू हृदय सम्राट युवाओं के प्रेरणा स्रोत एवं आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण घटनाओं का उल्लेख करते हुए पूर्व छात्र छात्राओं से उनके बताए हुए कार्यों एवं नीतियों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने विवेकानंद के कहे वाक्य उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक अपना लक्ष्य पूरा न कर लो की विस्तृत व्याख्या की। उन्होंने स्वामी विवेकानंद की चार प्रमुख शिक्षाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वामी विवेकानन्द की शिक्षा ज्ञान का खजाना हैं। वह आत्मविश्वास ज्ञान की खोज आत्म सुधार दूसरों की सेवा और सार्वभौमिक भाईचारे के महत्व पर जोर देते हैं। संगीताचार्य मनोज गुप्ता ने उनकी महिमा का बखान करते हुए स्वामी विवेकानंद की जीवन गाथा आओ सब मिल गाए हम यह है भारत भाग्य विधाता इनको गले लगाए हम गीत प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व छात्र परिषद के शिवम भगवती ने किया।

# मुख्यमंत्री ने प्रवीण गुप्ता को किया सम्मानित



**अंबेडकर नगर।** राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा समाज सेवा और युवाओं के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। लोकभवन में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शासन द्वारा चयनित अंबेडकरनगर के यूथ आइकॉन प्रवीण गुप्ता को उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर.कमलों से लोकभवनए लखनऊ में सम्मानित किया गया।इस अवसर पर युवा कल्याण एवं खेल मंत्री गिरीश चंद्र यादवए अंतरराष्ट्रीय ओलंपियन एवं महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग सुहास एल0वाई0 ने जिले में युवा सशक्तिकरणए क्षय उन्मूलनए रक्तदानए पौधारोपणए शिक्षा के क्षेत्र में सुधारए अंधविश्वासों के खिलाफ जागरूकता अभियान एवं अनेक सामाजिक अवदानों लिए राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड 2023.24 प्रदान किया गया। आज पूरे प्रदेश से दस युवाओं को व्यक्तिगत तौर पर और 6 युवाओं को मंगल दल के लिए युवाओं के इस सर्वोच्च राज्य स्तरीय सम्मान से अलंकृत किया गया। ध्यातव्य है कि इससे पूर्व प्रवीण गुप्ता को भारत सरकार द्वारा श्रीलंका में युवा प्रतिनिधि नामित किया गया जा चुका हैए इसके साथ 2019.20 राज्यस्तरीय व्यक्तिगत यूथ अवॉर्ड सहित रेड क्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा की अध्यक्षा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा सर्वश्रेष्ठ सेवा पदक भी प्रदान किया जा चुका है। प्रवीण गुप्ताए जो युवान फाउंडेशन के संस्थापक हैंए ने युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक परियोजनाएं चलाई हैं। उनका लक्ष्य समाज के हर वर्ग को जागरूक और सशक्त बनाना है। उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा सुधारए स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण के कई अभियान सफलतापूर्वक संचालित हुए हैं। युवाओं के प्रेरणास्त्रोत प्रवीण गुप्ता ने इस अवसर पर कहाए ष्यह सम्मान केवल मेरा नहींए बल्कि उन सभी लोगों का हैए जिन्होंने मेरे प्रयासों में साथ दिया। मैं सभी युवाओं से अपील करता हूं कि वे समाज और देश के लिए अपना सर्वोच्च योगदान देकर भारत को पुन: विश्व गौरव बनाने में अपना योगदान दें।ष

# सरस्वती विद्या मंदिर शास्त्री नगर में राष्ट्रीय युवा दिवस आयोजित

**प्रयागराज।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शास्त्री नगर सदियापुर में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस तथा पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन रविवार को हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलन और पुष्पार्चन से हुआ। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार दूबे ने आए हुए अतिथियों का परिचय और उनका सम्मान अंगवस्त्रम् प्रदान कर किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व छात्र डा शेष मालवीय ने कहा कि सभी के प्रति हम सभी को संवेदनशील होना चाहिए। मुख्य अतिथि पूर्व छात्र डा रोहित गोपाल ने कहा कि विद्यालय से हमें शिक्षा के साथ संस्कार भी प्राप्त होता है और साहित्य संगीत कला हमें विद्यालय से प्राप्त होता है। विद्यालय में शिक्षा के साथ साथ विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों पर बल दिया गया। इस मौके पर 73 पूर्व छात्र उपस्थित रहे। पूर्व छात्रों ने कहा कि विद्यालय से संस्कार आचरण और शीलता जैसे आवश्यक मानवीय गुणों का विकास होता है। आज जो भी हम हैं वह विद्यालय से मिले शिक्षा के कारण ही हैं। इन्द्र नारायण शुक्ल ने आए हुए अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र भैया आदर्श साहू एवं शुभम पाण्डेय ने किया।

# डीएम ने जरूरतमंदों को वितरित किया कंबल



**अंबेडकर नगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में तहसील टांडा के अंतर्गत ग्राम अवसानपुर मांझा में गरीबएअसहायध्जरूरतमंद लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किया गया। मुख्यमंत्री के मंशानुशार प्रत्येक जरूरतमंद को ठंड से बचाव हेतु कंबल दिए जाने के क्रम में आज जिलाधिकारी ने ग्राम अवसनपुर में जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया इसी के साथ ही उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जरूरतमंदों को मुख्यमंत्री के मंशानुसार ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए जाएं। उन्होंने समस्त चिन्हित स्थलों पर नियमित अलाव की अच्छी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। समस्त आश्रय स्थलों पर साफ्सफाई के साथ ठंड से बचाव के सभी आवश्यक सुविधाओं को नियमित सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए।रविवार को अवसानपुर मांझा में निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम में ठंड से बचाव के लिए इलाके के तमाम वृद्धजनों सहित अन्य जरूरतमंदों को जिलाधिकारी द्वारा स्वयं ग्राम में पहुंचकर कंबल वितरित किया गया।

# समाचार पत्र विक्रेताओं को बांटा कंबल



**सकलडीहा**ध्चन्दौली। उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा ने रविवार को सुबह सेंटर पर पहुंचकर अखबार वितरण करने वाले आधा दर्जन से अधिक समाचार पत्र विक्रेताओं को कंबल वितरण किया। एसडीएम की ओर से लगातार दूसरी बार ठंड में समाचार पत्र विक्रेताओं को कंबल वितरण और अलाव की व्यवस्था सेंटर पर किया गया।

# गंगा स्नान व तिलक लगा संगम की रेत पर निकली तुर्की से आई पिनार

## पहली बार दोस्तों से महाकुंभ की महिमा सुनकर आईं प्रयागराज प्रभावित महिला ने की भारतीय संस्कृति की प्रशंसा

**मनीष द्विवेदी।** महाकुम्भ नगर



**महाकुम्भ** के दिव्य और भव्य आयोजन से भारत ही नहीं विदेश में भी लोगों में बड़ा उत्साह है। तुर्की की रहने वाली पिनार महाकुम्भ में पहली बार भारत की संस्कृति और परंपराओं से परिचित होने संगम पहुंची हैं। पिनार ने संगम में गंगा स्नान कर तिलक लगाया और सनातन धर्म की राह पर निकल पड़ी। पिनार ने बताया कि उन्होंने महाकुम्भ के बारे में अपने दोस्तों से सुना था और भारत आकर इसे देखने की इच्छा लंबे समय से थी। भारतीय संस्कृति से प्रभावित पिनार ने कहा कि यहां महाकुम्भ का माहौल बड़ा दिव्य और भव्य है। गंगा स्नान और संगम की रेत पर चलने का अनुभव बड़ा अविस्मरणीय है। पिनार ने पहली बार महाकुम्भ के माध्यम से इस आध्यात्मिक यात्रा को पूरा किया। उन्होंने कहा कि यहां की ऊर्जा और वातावरण उन्हें भारतीय परंपराओं की गहराई को समझने का अवसर देता है। महाकुम्भ में पिनार ने स्नान ध्यान और तिलक लगाकर सनातन धर्म के प्रति अपने सम्मान और आस्था को व्यक्त किया।

# कांग्रेस जनों नें प्रियंका गांधी के जन्मदिन पर किया फल वितरण



**सोनभद्र।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय महासचिव व लोकसभा सांसद प्रियंका गांधी के जन्मदिन के मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य आशुतोष कुमार दुबे ने जिला हॉस्पिटल सोनभद्र में जाकर मरीजों को फल वितरित कर उनके लंबी उम्र की कामना की, आशु दुबे ने कहा कि प्रियंका गांधी दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, पिछड़े, आम जनमानस सब की आवाज हैं यही कारण हैं की आज हिंदुस्तान उनको इंदिरा गांधी के रूप में देख रहा है, जिस प्रकार त्वरित निर्णय लेने में हमारे देश की पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व0 इंदिरा गांधी थी, उसी प्रकार से प्रियंका गांधी भी है, उन्होने कहाकि सोनभद्र के घोरावल ऊम्भा की घटना में सर्वप्रथम अगर आदिवासियों की आवाज किसी ने सुना तो ये कहना कत्तई गलत नहीं होगा की वह कांग्रेस पार्टी प्रियंका गांधी ने सुना और आदिवासी भाइयों की आवाज बनकर उनकी लड़ाई लड़ी, जिसके चलतें उन्हें चुनार किले नजर बंद भी रखा गया लेकिन फिर भी उन्होंने उनकी लड़ाई लड़ने के साथ ही हर संभव मदद करने की कोशिश कांग्रेस पार्टी ने किया हम आज के दिन उनकी लंबी उम्र की कामना करते हैं और यह आशा रखते हैं कि उनका आशीर्वाद हम सभी हमेशा बना रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से कांग्रेस नेता श्रीकांत मिश्रा जगदीश वर्मा सुशील राव दयाराम प्रजापति अयोध्या भारती समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एकादश ने जीता क्रिकेट मैच



सोनभद्र। विधायक खेल महाकुंभ 2024-25, क्रिकेट मैच में रविवार को विधायक एकादश व जिलाधिकारी एकादश के बीच मैच खेला गया, विधायक एकादश के कप्तान नें टॉस जीतकर जिलाधिकारी एकादश की टीम को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया, जिलाधिकारी एकादश की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर 143 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिलाधिकारी एकादश की तरफसे शानदार बल्लेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीना नें एक छक्के व 14 चौके की मदद से 44 बाल पर 74 रनों की पारी खेली तो वही उनका साथ देते हुए जे ई दीपक तिवारी ने 3 चौके और 2 छक्के की मदद से 18 बाल पे 31 रनों की पारी खेल कर अपनी टीम का स्कोर 143 रन पर पहुंचाया, विधायक एकादश की तरफसे आनंद चौबे ने 2 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट तो वही श्री राम सिंह ने 2 ओवर में 22 रन देकर 1 विकेट चटकाए, जवाब में विधायक एकादश की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने निर्धारित 15 ओवर में 8 विकेट खो कर 134 रन ही बना सकी, विधायक एकादश की तरफसे राजेश चौबे ने 3 चौके और 3 छक्के की मदद से 24 बाल पे 48 रन तो नवल वाजपेई ने, 2 छक्के और 2 चौके की मदद से 14 बाल पे 23 की पारी खेली फिर भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके, जिलाधिकारी एकादश की तरफ से शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने 3 ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट चटकाए तो वही चौकी इंचार्ज रॉबर्ट्सगंज कमल नयन दुबे ने 3 ओवर में 38 रन देकर 2 विकेट चटकाकर अपनी टीम जिलाधिकारी एकादश को 9 रन से विजय दिलाई। अतः शानदार ऑल राउंडर प्रदर्शन करने वाले सोनभद्र के पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा को पुर्व सांसद राज्यसभा रामसकल वरिष्ठ साहित्यकार व पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अजय शेखर व भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल के द्वारा मैन ऑफद मैच का पुरस्कार दिया गया।

# गणतंत्र दिवस पर सांस्कृतिक प्रतियोगिता के लिए हुआ ऑडीशन




सोनभद्र। दुद्धी राष्ट्रीय सद्भावना समिति के तत्वावधान में बच्चों की 19वीं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का ऑडिशन रविवार को उत्सव वाटिका में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन कमल कुमार कानू और जितेंद्र अग्रहरी ने किया। उन्होंने जानकारी दी कि हर साल की तरह इस बार भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए यह सांस्कृतिक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता के लिए पिछले हफ्ते से फार्म वितरित किए गए थे, जिसमें कुल 140 बच्चों ने भागीदारी के लिए आवेदन किया। इनमें 80 बच्चों को एकल डांस और 10 टीमों को ग्रुप डांस के लिए चुना गया। ऑडिशन के दौरान डांस ग्रुप के मास्टरों को जज की भूमिका में रखा गया था। ऑडिशन का सिलसिला सुबह शुरू होकर शाम 4 बजे तक चला। इस दौरान बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से सभी का दिल जीता। आयोजकों ने बताया कि चयनित प्रतिभागी 19 जनवरी को फाइनल ऑडिशन देकर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय सद्भाव का संदेश देना है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता कमल बच्चों के अभिभावकों और अन्य दर्शकों की अच्छी खासी मौजूदी रही।

# भागवत श्रवण से जीवन होता है कल्याणकारी : डा. शास्त्री



**प्रयागराज।** श्यामा सदन राधे कृष्णा एनक्लेव लूकरगंज में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन श्यामा सदन राधे कृष्णा एन्क्लेव लूकरगंज से सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश शोभा यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई श्यामा सदन पर समाप्त हुई। यात्रा में महिलाएं सजे हुए कलश लेकर चल रही थीं। साथ में अनेक लोग ध्वजा पताका लेकर चल रहे थे। राधा कृष्ण के मधुर संकीर्तन का गान और जयकारों से सारी शोभायात्रा राधा कृष्णमय हो रही थी। यात्रा में पीले वस्त्र और उत्तरीय धारण किए हुए सभी भक्तजनों का आकर्षण देखते ही बन रहा था। यात्रा में भगवन्नाम लिखी हुई तख्तियां लेकर भी भक्त चल रहे थे। यात्रा के उपरांत भागवत सप्ताह के प्रथम दिन अपराह्न चार बजे से श्रीमद्भागवत के महत्व पर अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आचार्य डॉ रामजी लाल शास्त्री निवासी श्री मान मंदिर बरसाना धाम मथुरा ने अपनी अमृतमयी वाणी से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। भागवत माहात्म्य के अंतर्गत शास्त्री ने कहा कि भागवत तो साक्षात भगवान का ही स्वरूप है। भागवत रूपी रस का हम सबको पान करना चाहिए जिसने भागवत रूपी अमृत का पान कर लिया वह अमर हो गया। संसार के सभी बंधनों से मुक्त हो गया भागवत का जितना श्रवण किया जाए उतना ही कल्याणकारी होता है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि भगवान अपने भक्तों के लिए श्रीमद्भागवत रूपी ऐसी नौका दे दिए हैं कि उसमें बैठकर जीव जीते जी मुक्ति पा जाता है। इस संसार में जिस पर भगवान श्रीकृष्ण की कृपा हो गई वह अमर हो गया शबरी प्रहलाद धुंधकारी अजामिल आदि सभी भगवत कृपा से कथा श्रवण कर भगवत प्राप्ति की और अमर हो गए। कथा सुनने में श्रद्धालुओं ने भारी रुचि दिखाई और मन लगाकर भागवत की कथा का पान किया। यह आयोजन 12 जनवरी से 19 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर दो से सायंकाल सात बजे तक श्यामा सदन राधे कृष्णा एन्क्लेव लूकरगंज में होगा। इसमें श्रीमद्भागवत के सभी प्रसंगों पर विस्तार से वर्णन होगा। भागवत कथा के मुख्य यजमान अतुल निगम एवं सुधा निगम रहे।

# पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की कथा 27जनवरी से



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ नगर के हरिश्चंद्र मार्ग पर चरखी दादरी आश्रम हरियाणा का शिविर लगा हुआ है। शिविर में कानपुर के आचार्य सौम्य जी महराज की श्रीमदभागवद् कथा पौष पूर्णिमा 13 जनवरी को दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक होगी। कथा की पूर्णाहुति 19 जनवरी को होगी। अमेठी के आचार्य सुभाष जी महराज की श्रीमद्भागवद् कथा 20 जनवरी से 26 जनवरी तक होगी। चरखी दादरी आश्रम हरियाणा के पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महराज की श्रीमद्भागवद कथा 27 जनवरी से दो फरवरी तक होगी। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर एक बजे से पांच बजे तक होगी।

# शादी के एक सप्ताह पूर्व युवक की मौत से परिजनों में कोहराम

**सकलडीहा**ध्चन्दौली । ईटवा गांव में कमरा में सोते समय 25 वर्षीय युवक की मौत होगयी। युवक की मौत को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। युवक की एक सप्ताह बाद शादी होना था। युवक की मौत के बाद परिवार में शादी की खुशी मातम में बदल गया। बलुआ घाट पर परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

ईटवा गांव के समाजसेवी रामाआश्रय उर्फजुलमी पांडेय को एक पुत्र राहुल और चार बेटियां है। 25 वर्षीय राहुल पांडेय की जमनिया में शादी तय हुआ था। छह दिन बाद 18 जनवरी को बारात जाना था। इसके पूर्व में राहुल की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने वाराणसी हास्पीटल में भर्ती कराया था। ठीक होने पर दो दिन पूर्व घर आया हुआ था। शनिवार की देर रात सोते समय अचानक तबीयत बिगड़ने पर आनन फानन में परिजन सकलडीहा सीएचसी ले गये। जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि छरू दिन बाद युवक की शादी को लेकर परिवार में खुशी का माहौल था। एकलौते पुत्र की मौत के बाद परिवार में मातम छा गया। वही पिता रामाश्रय पांडेय सहित परिवार के लोगों को रोते रोते बुरा हाल था। इस मौके पर ग्राम प्रधान गुलाब मौर्याए वंटू पांडेयए मुसाफिर यादवए बृजेशए सुरेन्द्र पांडेयए आनंद पांडेयए विकास यादवएशरद यादवए पनारू यादवएरमेश चौरसियाएरतेन्द्र राजभरएबाढू शर्मा सहित ग्रामीणों ने शोक संवेदना प्रकट किया।

# किसी पुस्तक को समझने के लिए विश्लेषक वाली दृष्टि होनी चाहिए



**मीरजापुर।** चित्रकूट के जगद्गुरु रामभद्राचार्य राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर पाण्डेय ने कहा कि किसी पुस्तक की रचना में रचनाकार के भावों को समझने के लिए विश्लेषण वाली दृष्टि होनी चाहिएए क्योंकि रचनाकार सूत्र वाक्यों में अपनी बात कहता हैए जिसका अर्थ व्यापक होता है। प्रोफेसर शिशिर पाण्डेय ने 12 जनवरीए रविवार को नगर के मध्य स्थित महर्षि दयानन्द बालिका इंटर कॉलेज के सभागार में वहीं की प्रिंसिपल एवं साहित्यकार डॉ उषा कनक पाठक द्वारा रचित श्द्वैताद्वैत का अनुपम संसारश् नामक पुस्तक के लोकार्पण के अवसर पर उक्त बातें कहीं। प्रोफेसर पाण्डेय ने कहा कि यह पुस्तक सुगम और अगम दोनों है। साधारण पाठक भी इसके अर्थों एवं भावों को समझ सकता है तो इसकी गहराई में उतरने में व्याख्या में रत्न भी निकलेंगे । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सच्चिदानंद पाठक ने कहा कि पुस्तक में रचनाकार ने जिस अनपुम संसार की बात कही हैए उसे समझने की जरूरत है। उन्होंने द्वैत एवं अद्वैत की भी वृहद व्याख्या की। समारोह की अध्यक्षता श्रीमाता प्रसाद माताभीख इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ श्यामनारायण तिवारी ने की। कार्यक्रम में पुस्तक की समीक्षा सलिल पाण्डेय ने तो लोकगीत गायन विजय शंकर पाठक ने किया एवं सरस्वती वंदना श्री जवाहरलाल दुबे ने की। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत आयोजिका डॉ उषाकनक पाठक ने किया जबकि धन्यवाद इंजीनियर सौरभ पाठक ने तथा संचालन पैड़ापुर इंटर कॉलेज के सेवा निवृत्त शिक्षक उमाशंकर पाण्डेय ने तथा समापन पुस्तक के प्रकाशक अमित आंनद ने किया। समारोह में शिक्षा जगत एवं पत्रकारिता जगत में उल्लेखनीय भूमिका अदा करने वालों को उत्तरीय देकर सम्मानित किया गया ।

# पंचनद के ऐतिहासिक तट पर रचा गया नया इतिहास

- चंबल मैराथन 2025 का हुआ आयोजन
- चंबल प्रदेश की स्थापना की मांग को मिला व्यापक जनसमर्थन



**संवाददाता।** जगम्मनपुर, जालौन

**चंबल** नदी के ऐतिहासिक तट पर, जहां चंबल, यमुना, सिंध, पहुज और क्वारी नदियों का संगम होता है, चंबल मैराथन 2025 का आयोजन बड़े उत्साह और ऐतिहासिक माहौल के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य चंबल प्रदेश की स्थापना की मांग को जनमानस तक पहुंचाना और क्षेत्रीय विकास के लिए एकजुटता दिखाना था।

चंबल मैराथन का यह 5वां संस्करण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के चार जिलों इटावा, औरैया, भिंड, और जालौन से होकर गुजरा। यह दौड़ कुल 42.195 किलोमीटर लंबी थी, जिसकी शुरुआत सुबह 8.30 बजे इटावा के प्रसिद्ध डॉल्फिन सफारी सिद्धबाबा सहसो से हुई और समापन पंचनद धाम महासंगम पर हुआ। मैराथन का मार्ग हनुमंतपुरा, बल्लो गढ़िया, भिंड जिले के सनावई और हरकेपुरा, जालौन जिले के सुल्तानपुरा जागीर, चंबल आश्रम हुकुमपुरा, बिलौड़, कर्रा, मई, गंज, औरैया के जुहीखा, और तातारपुर जैसे गांवों से होकर गुजरा। यह मार्ग चंबल के अनछुए प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करता है।

इस आयोजन के दौरान चंबल के चारों जिलों के जिला प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी से सहयोग किया। हर रूट पर सुरक्षा और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। स्थानीय निवासियों ने भी उत्साहपूर्वक धावकों का स्वागत किया और रूट पर पुष्पवर्षा के साथ पानी और नाश्ते की व्यवस्था की। मैराथन में भाग लेने वाले धावकों का जोश देखते ही बनता था। इनमें युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागियों ने चंबल प्रदेश की स्थापना के समर्थन में अपने संकल्प को दोहराया।

मैराथन का समापन पंचनद धाम पर आयोजित भव्य समारोह में हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इतिहासकार देवेंद्र सिंह चौहान एडवोकेट उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि सरोकारी वकील सूरज रेखा त्रिपाठी, खेल प्रशिक्षक भुवनेश कुमार, चंबल परिवार के संयोजक चन्द्रोदय सिंह चौहान, किसान नेता रामशंकर सिंह, और गजेंद्र सिंह जाटव एडवोकेट भी इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने। समारोह के दौरान सभी धावकों को सर्टिफिकेट, मेडल और ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि देवेंद्र सिंह चौहान ने कहा चंबल क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और इसके विकास को सुनिश्चित करने के लिए चंबल प्रदेश की स्थापना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सिंह सेंगर ने किया।

### चंबल प्रदेश के रोडमैप में 23 प्रस्तावित जिले

चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राणा ने चंबल प्रदेश की स्थापना के लिए 23 प्रस्तावित जिलों की सूची प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि यह प्रस्तावित राज्य उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के उन जिलों को शामिल करेगा, जिनका ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामाजिक योगदान चंबल क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण रहा है। डॉ. राणा ने कहा चंबल प्रदेश का गठन क्षेत्रीय असंतुलन को समाप्त करेगा और विकास, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर खोलेगा। उन्होंने चंबल मैराथन को इस जागरूकता अभियान का एक प्रभावशाली माध्यम बताया। इनमें चार नए जिलों का निर्माण प्रस्तावित है। चंबल प्रदेश में शामिल होने वाले जनपदों में औरैया, मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा, आगरा, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, दतिया, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, धौलपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, बारा, जगम्मनपुर, भदावर भूमि, बाह, सबलगढ़ शामिल हैं।

# उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली महोत्सव का किया उद्घाटन

**संवाददाता।** रायबरेली

**रायबरेली** स्थापना दिवस पर गुरु गोविंद सिंह पर्यावरणीय उद्यान पार्क में आयोजित एक दिवसीय रायबरेली महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उ0प्र0 सरकार दिनेश प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों द्वारा राष्ट्रगान किया गया, इसके पश्चात संतों का पूजन,सम्मान एवं आरती मुख्य अतिथि द्वारा की गई, इसके साथ ही कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों, वरिष्ठ सेनानी, किसानो, चिकित्सको एवं समाजसेवियों को माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों एवं जनपद से लेकर लखनऊ तक के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह आयोजन रायबरेली की वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने अगली पीढ़ियों को इससे परिचित कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। रायबरेली का अपना एक गौरवशाली इतिहास रहा है।

उन्होंने कहा कि यह बड़े सौभाग्य की बात है कि आज रायबरेली स्थापना दिवस रायबरेली महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है और आज ही के दिन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती भी है,इससे अच्छा दिन और क्या हो सकता है।

उन्होंने कहा कि पिछली बार यह कार्यक्रम तीन दिवसीय था, लेकिन इस बार महाकुंभ के दृष्टिगत कार्यक्रम को एक दिवसीय रखा गया है। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वर्ष मा0 मंत्री जी की प्रेरणा से रायबरेली महोत्सव शुरू किया गया था, जिसका भव्य रूप से आयोजन हुआ था, यह ऐसा एक विशेष अवसर है जहां पर हम अपने जनपद की उपलब्धियां को बता सकते हैं और आने वाले समय में हमें विकास के क्या कार्य करने है उसका आंकलन आज के दिवस में किया जा सकता हैं। रायबरेली महोत्सव एक नए रूप में उभर कर आप लोगों के सामने आया है आगे भी यह आयोजन प्रशासन द्वारा भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पिछली बार जो कार्यक्रम हुआ था उससे रायबरेली की जो प्रतिष्ठा थी, वह दूर-दूर तक गई थी इस तरह के कार्यक्रम का यह उद्देश्य होता है कि अपनी जो विशेषताएं हैं उनको साल में एक बार ऐसे कार्यक्रम आयोजित करके एक पटल में लाया जाए, जिससे अपने जनपद का नाम हो।

# थमने का नाम नहीं ले रहा है क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का काम



**रायबरेली।** थमने का नाम नहीं ले रहा है क्षेत्र में पेड़ों की कटाई का काम, वन विभाग के अधिकारियों की बदौलत जहां जिले की आरा मशीन में गुलजार हैं, वहीं हरे पेड़ों पर आफत आई हुई है। थाना गुरबक्शगंज अंतर्गत अहमदपुर किलौली में पांच हरे महुआ के पेड़ों को काट डाला गया है। मौके पर पहुंचे वन विभाग के उड़न दस्ते के जिम्मेदारो ने अपना हिस्सा लेकर मामले को रफादफा कर दिया है। सूत्रों का कहना है कि क्षेत्र में यह माहुवारी बाग लोगों को गर्मी के समय फल के साथ-साथ बहुत राहत देती थी लेकिन हरियाली के दुश्मनों ने इस बाग को भी अपने फायदे के लिए काट डाला गया है। आसपास के लोगों का कहना है कि लगभग 100 साल पुराने इन पेड़ों को जब काटा जा रहा था तभी वन विभाग रायबरेली के अधिकारियों को सूचना दी गई थी। लेकिन उड़न दस्ते के लोग आए और अपना हिस्सा लेकर चले गए। बताया जाता है कि क्षेत्र में सक्रिय वन माफिया और वन विभाग के लोगों की तगड़ी सांठ गांठ है। किसके चलते आए दिन हरे वृक्षों पर कहीं ना कहीं किसी न किसी क्षेत्र में आरा चलता रहता है।

## डीएम एसपी व एसएसबी कमांडेंट ने इंडो नेपाल सीमा स्तंभों का किया निरीक्षण

**श्रावस्ती, सिरसिया।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया व 62 वीं वाहिनी एसएसबी कमांडेंट अमरेंद्र कुमार वरुण ने शनिवार देर शाम शासन के निर्देश के क्रम में प्रयागराज महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना सिरसिया क्षेत्र अंतर्गत इंडो नेपाल के तुरुष्मा बार्डर पर भ्रमण कर जायजा लिया और लोंगो से मिल कर उनका कुशल क्षेम जाना। इसके अतिरिक्त स्तंभ संख्या 634/1 पर पहुंच कर भौतिक निरीक्षण भी किया। तत्पश्चात थाना सिरसिया पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम के साथ एरिया डोमिनेशन/फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों/ व्यक्तियों की चेकिंग भी की गई। इस दौरान एसडीएम भिनगा पीयूष कुमार जायसवाल उप कमांडेंट सोनू कुमार प्रभारी निरीक्षक सिरसिया व भारी संख्या में पुलिस व एसएसबी के जवान मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने स्वामी विवेकानंद जयंती और प्रियंका गांधी का जन्मदिन मनाया

**संवाददाता।** गौरीगंज, अमेठी



**युवा** शक्ति के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के 53वें जन्मदिन के मौके पर अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सेवा और समर्पण का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय के राजीव गांधी सभागार में जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। केक काटकर प्रियंका गांधी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई और उनके संघर्षशील व्यक्तित्व को नमन किया गया। सर्द हवाओं के बीच अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा के निर्देश पर राहुल गांधी जी द्वारा भेजे गए कंबलों का वितरण पूरे संसदीय क्षेत्र में प्रारंभ हुआ। आज पहले चरण में 21 स्थानों पर कंबल वितरित किए गए। विशेष रूप से कलावती लालजी गर्ल्स इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने अपने हाथों से कंबल सौंपे। इस सेवा अभियान ने जरूरतमंदों के बीच राहत और सुकून का संचार किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं को नववर्ष का कैलेंडर भेंट किया।

उन्होंने यह भी बताया कि पूरे संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर तक पहुंचकर करीब 01 लाख कैलेंडर वितरित करेंगे। यह पहल कांग्रेस और आमजन के बीच संवाद और संबंध को और प्रगाढ़ करने का माध्यम बनेगी।कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने इस कार्यक्रम की जानकारी मीडिया को देते हुए कहा यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद के प्रति कांग्रेस का अटूट संकल्प है। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र मिश्र, रमाकांति, प्रवक्ता अनिल सिंह, रामबरन कश्यप, शत्रुघ्न सिंह, यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शुभम सिंह, सुनील सिंह, अरविंद चतुर्वेदी, विकास यादव, राहुल गुप्ता, और आशीष यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### जनता इंटर कॉलेज अहद में वार्षिकोत्सव का आयोजन



**अमेठी।** विगत वर्षों की भांति जिले के विकास खंड जामो स्थिति जनता इंटर कॉलेज अहद में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा साँस्कृतिक कार्यक्रम मनमोहक प्रस्तुतीकरण ने मौजूद दर्शकों को मन्त्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रवक्ता सजन बहादुर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक तेजभान सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। इसके उपरांत बच्चों द्वारा ओ री चिरैया, कृष्ण सुदामा प्रसंग, राजस्थानी लोकनृत्य आदि कार्यक्रमों का मंचन किया गया। अपने प्रस्तुतीकरण से बच्चों ने समाँ बांध दिया। कार्यक्रम में सेजल पांडेय, शुभी सिंह, मनीषा, आदित्य, पंकज आदि छात्र छात्राएं प्रतिभाग किया। इस अवसर पर राजा कान्ह पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. वीरेश प्रताप सिंह, कालेज प्रबंधक शीतला बख्श सिंह,अवधेश सिंह, राजबक्स सिंह, प्रधानाचार्य सुरेश तिवारी सुरजीत सिंह, अतुल सिंह, प्रदीप शर्मा, रवि सिंह,,नीलिमा सिंह , मिथिलेश, विकास, शिवम, अतुल सिंह सहित अभिभावकगण एवं विद्यालय के सैकड़ो बच्चे, क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### जिले में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

**अमेठी।** राष्ट्रीय युवा दिवस इंदिरा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय में नेहरू युवा केंद्र अमेठी एवं इंदिरा गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मनाया गया। इस कार्यक्रम का स्वामी विवेकानंद के चित्र पर डॉ. के के मिश्रा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना, दिनेश मणि ओझा सेवा निवृत्ति लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक नेहरू युवा केंद्र अमेठी और डॉ. पवन गुप्ता ने माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इसमें डॉ. के के मिश्रा वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर चर्चा की। निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के उद्घाटन अवसर पर विकसित भारत के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को सजीव दिखाया गया। इस अवसर पर इंजी.लालमणि कश्यप संस्थापक सोसाइटी फॉर एनिमल हेल्थ एग्रीकल्चर साइंस एंड ह्यूमैनिटी, जगन्नाथ सहित सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

### वनरोज को फायर ब्रिगेड तथा ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला

**सतांव, रायबरेली।** गुरूबख्शगंज थाना क्षेत्र पूरे बालादीन मजरे कोरिहर गांव में शुक्रवार की रात को एक बाग में झाड़ियों से ढके एक बीस फिट गहरे कुये में गिरी वनरोज को वन विभाग की टीम ने फायर ब्रिगेड तथा ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। शनिवार को कोरिहर गाँव निवासी धुनारी तिवारी ने बताया कि कुयें मे वनरोज गिरने की जानकारी शुक्रवार की रात तब हुई, जब कुयें के पास ही आग सेंक रहे ग्रामीणों ने कुयें से जानवर के चिल्लाने की आवाज सुनी। लोगों ने कुयें मे देखा तो वनरोज नजर आई। ग्रामीणों ने रात में ऊपर से कुयें मे चारा डाला। शनिवार को सुबह खबर फैली तो कुयें के आस पास गाँव वालों का मजमा लग गया। कोरिहर प्रधान ने वन कर्मियों को जरिये फोन वनरोज के कुयें मे गिरने की जानकारी दी। सूचना पर बिना किसी व्यवस्था के पहुंचे वन कर्मी कुये में गिरी वनरोज को नही निकाल सके। रविवार को फायर ब्रिगेड व स्थानीय लोगों की मदद से जेसीबी से गट्टे को खोदकर वनरोज को निकाला गया।

### राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनी स्वामी विवेकानंद की जयंती

**गोंडा।** सरस्वती विद्या मन्दिर बडगांव में स्वामी विवेकानंद की जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मन्दिर के पूर्व छात्र डा. आलोक दिवेदी ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें याद किया। भैया बहनों को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य की ओर बढने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय में कला प्रतियोगिता व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टाप 3 छात्रों को विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा सम्मानित किया गया।

### सरकारी जमीन पर कब्जे पर कार्रवाई के निर्देश

**गोंडा।** देवीपाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील ने उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ के आदेश के अनुपालन में जिलाधिकारी गोंडा को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मामला जनपद के तरबगंज तहसील स्थित नगवा गांव का है। जहां सरकारी चारागाह, खलिहान और खाद गड्ढे की जमीन पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत की गई है। नगवा गांव निवासी पराग दत्त मिश्रा ने आयुक्त को दिए शिकायती पत्र में बताया कि 28 अगस्त 2018 को उच्च न्यायालय ने उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया था लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

# गांव की सरकार को मिली अपने-अपने गांवों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी

**संवाददाता।** कालपी, जालौन

**अब** गांवों में भी अपराध और अपराधियों पर तीसरी आंख से निगहबानी होगी। प्रशासन ने आपरेशन त्रिनेत के तहत यह अभियान शुरू किया है। जिसके लिए पुलिस ने स्थल चयन की कवायद शुरू कर दी है और इन्हें लगवाने की जिम्मेदारी गांव की सरकार को सौंपी गई है।

अपराध के बाद अपराधियों को खोजने की जिम्मेदारी पुलिस की होती है जो सबूतो और गबाहों के बयानों के आधार पर उनकी पकड़ा धकड़ी करती है लेकिन समय के साथ अपराधियों के अपराध करने के तरीकों में भी बदलाव हुआ है जिससे कई बार लोग अपराधियों की साजिश का शिकार हो जाते हैं और करे कोई भरे कोई यह कहावत सही साबित हो जाती है और इसी के चलते पुलिस ने भी अपने कार्य करने के तरीकों में बदलाव किया है और डण्डे के बजाए अन्य माध्यमों से अपराध का खुलासा करने का प्रयास हो रहा है जिसमे मोबाइल लोकेशन एक प्रमुख माध्यम हो गया है। हालांकि यह आधार भी ज्यादा सफल नही हो रहा है जिसके चलते शासन ने अपराध और अपराधियो पर नजर रखने के लिए आपरेशन त्रिनेत्र की शुरूआत की थी लेकिन यह अभियान अभी तक नगरीय क्षेत्र तक सीमित था जिससे पुलिस को अपराध नियंत्रण में अपेक्षित सफलता नही मिल पा रही थी और शायद इसी के चलते अब इस अभियान मे ग्रामीण क्षेत्रों को भी शामिल किया है हालांकि जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने इसके आदेश ग्राम पंचायतों के जिम्मेदारों को कई माह पहले दिए थे पर अभी तक यह काम अभी पूरा नहीं हुआ है। और आलम यह है कि अभी तक कदौरा ब्लाक क्षेत्र में जोल्हूपुर हाईवे स्थित वरही बम्बा और अकबरपुर इटौरा में कुछ जगहो पर कैमरे लगाए गये हैं लेकिन अब इस अभियान को पूरा करने की कवायद शुरू की गई है जिसके लिए क्षेत्रीय पुलिस ने स्थान चयन की कवायद शुरू कर दी है अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो कुछ माह मे यह अभियान पूरा हो सकता है। क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार सिंह चौहान के अनुसार कदौरा ब्लाक क्षेत्र में 70 व महेवा ब्लाक क्षेत्र की 60 ग्राम पंचायत में कैमरे लगाए जाने है इसके लिए कालपी, कदौरा, आटा, चुर्खी तथा सिरसाकलार थाना प्रभारियों को अतिशीघ्र स्थान चयन के निर्देश दिए गए हैं और यह काम पूरा करने के बाद सूची ग्राम पंचायतों को सौंपी जाएगी जिसके बाद ग्राम पंचायतों में तीसरी आंख से निगहबानी शुरू हो जाएगी।

## पुलिस ने दुकानों पर की छापेमारी की कार्रवाई



**ऊंचाहार।** शाहजहांपुर में चाइनीज मांझे से गला कटने से हुई सिपाही की मौत की घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने नगर की दुकानों पर छापेमारी कर दुकानदारों को सख्त हिदायत दी। शनिवार को शाहजहांपुर जिले में चाइनीज मांझे से गला कटने से एक सिपाही की मौत हो गई थी, जब वो बाइक से थाने जा रहा था।इस घटना को लेकर रविवार को नगर की दुकानों पर कोतवाल सजंय कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम ने छापेमारी की, हालांकि इस दौरान दुकान पर चाइनीज मांझा नहीं मिला। कोतवाल सजंय कुमार ने बताया कि दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि जिस दुकान में मांझा बिकता हुआ पाया जायेगा, उसके विरुद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के प्रेरणास्रोत विवेकानंद जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम एनएसजीआई संस्थापक-प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा ने प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति,विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के साथ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, इस दौरान छात्रों द्वारा विवेकानंद जी के जीवन दर्शन पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत की गई साथ ही छात्र अलंकृता शर्मा ने स्वामीजी के आदर्शों और दर्शन पर चर्चा की। संस्थापक-प्रबंधक डॉ शर्मा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए बड़ा प्रेरणा श्रोत रहा है, आज राष्ट्रीय युवा दिवस उनके विचारों, शिक्षाओं और जीवन शैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है, उनका कहना था कि भारत का युवा ही देश को बदलने की क्षमता रखता है, युवा जीवन सबसे कीमती और युवावस्था सबसे अच्छा समय है। स्वामी जी का अपने देश और धर्म के प्रति अगाध प्रेम था, उन्होंने शिकागो में होने वाले धर्म संसद में ऐतिहासिक भाषण दिया था।

# स्वामी विवेकानंद के बताये मार्ग पर चलकर लक्ष्य प्राप्त करें: सत्यम



**जालौन, उरई।** जिस ओर जवानी चलती है उस ओर जमाना मुंह मोड़ लेता है। विवेकानंदजी के बताए मार्ग पर चलकर आप लोग लक्ष्य प्राप्त कर सकते हैं। यह बात राष्ट्रीय युवा दिवस पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक ने कही। स्वामी विवेकानंदजी की जयंती को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने युवा दिवस के रूप में मनाई। इस दौरान आयोजित संगोष्ठी में सर्वप्रथम स्वामी विवेकनंद के चित्र पर माल्यार्पण कर गोष्ठी की शुरूआत की गई। गोष्ठी में आरएसएस झांसी विभाग के ग्राम विकास प्रमुख राकेश ने कहा कि आज के समय में स्वामी विवेकानंदजी से सीख लेने की जरूरत है। विवेकानंदजी के अनुसार सबसे पहले आप अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करें। लक्ष्य निर्धारित करने के उपरांत उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए। लक्ष्य को अपनी आंखों से ओझल न होने दो। प्रांत संयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करना मुश्किल न होगा। इसलिए अपने ध्येय से जरा भी न डिगें और मेहनत कर अपने ध्येय को प्राप्त करें। इस दौरान उपस्थितजनों ने स्वामी विवेकानंदजी के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# मवई ब्राह्मण में गोवंशों के शव पड़े होने का वीडियो वायरल होने से हलकान रहे अधिकारी

**संवाददाता।** कदौरा, जालौन



**ब्लॉक** क्षेत्र की गोशालाओं की स्थिति दयनीय है, मृत गोवंशो के शवों को जिम्मेदार ट्रैक्टर ट्राली, ई रिक्शा में रखकर आए दिन सार्वजनिक स्थानों, खेतों और नहर में फिकवा देते है। गोशाला के अंदर अव्यवस्था, गंदा पानी, भूसा चारा न होना, कीचड़, गंदगी के साथ साथ बीमार, मृत गोवंशों के शवों को कुत्तों द्वारा मिलने के वीडियो सोशल मीडिया में आए दिन वायरल होते रहते है।

ऐसा ही एक मामला शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई ब्राह्मण का सामने आया है। जहां पर दो स्थानों में चिटकन पुल की दोनों तरफ और गांव से आधा किमी.दूर बसरेही मार्ग मेन रोड पर दो दर्जन से अधिक गोवंशों के शव झाड़ियों और पानी में उतराते हुए ग्रामीणों को दिखाई दिए तो ग्रामीणों ने इसकी शिकायत डीएम से की। डीएम ने एसडीएम कालपी को जांच के आदेश दिए। शनिवार देर रात पहुंचे एसडीएम सुशील कुमार सिंह ने जांच पड़ताल कर गोवंशो के शवों को सम्मानपूर्वक दाह संस्कार करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों के आने की भनक जैसे ग्रामीणों की लगी तो वह मौके पर पहुंच गए और हंगामा करने लगे, उग्र स्थिति देख कर किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को समझाबुझा कर शांत कराया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गोशाला में भूसे चारे का इंतजाम नहीं है। जिस कारण गोवंशो की मौत हो रही है। प्रधान और सचिव शवों को बिना दाह संस्कार किए ट्रैक्टर ट्राली में लाद कर फिकवा रहे है। शवों को दफनाने का कार्य रात्रि दो बजे तक चलता रहा। वहीं इस मामले में जिम्मेदार अधिकारी भी चुप्पी साधे है।

19 सितंबर 2023 को एसवीएस राठौर अध्यक्ष ओवरसाइट कमेटी (एनजीटी) उत्तर प्रदेश और अनंत कुमार सिंह सदस्य ओवरसाइट कमेटी (एनजीटी) उत्तर प्रदेश ने निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान गोशाला में अव्यवस्थाओं का अंबार देखकर मौजूद तत्कालीन सीडीओ भीम उपाध्याय, विशाल यादव एडीएम नमामि गंगे, एसडीएम कालपी के के सिंह को रिकवरी के साथ कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए थे। लेकिन अधिकारियों ने मामले को दबा दिया।

# ओसानेश्वर महादेव मन्दिर में विशाल भण्डारे का आयोजन

**शिवगढ़, रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शिवगढ़ खण्ड कार्यवाह विनय त्रिवेदी के जन्मदिन पर नगर पंचायत के शिवली कस्बा स्थित आसानेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में विशाल भण्डारे का भव्य आयोजन किया गया। खण्ड कार्यवाह के जन्मदिन पर आयोजित भण्डारे में आए हजारों श्रद्धालुओं एवं शुभचिंतकों ने मन्दिर में माथा टेककर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया तथा प्रसाद ग्रहण कर मनोकामनाएं मांगी। भण्डारे में आए सभी लोगों ने विनय त्रिवेदी को शुभकामनाएं देते हुए उनकी दीर्घायु की भोलेनाथ से प्रार्थना की। भण्डारे का आयोजन खण्ड कार्यवाह विनय त्रिवेदी तथा श्री शिवकुमार त्रिवेदी कैरियर प्लस इण्टर कॉलेज शिवगढ़ के संरक्षक प्रदीप त्रिवेदी द्वारा किया गया। मन्दिर में हवन पूजन के पश्चात पूर्वाहन 11 से शुरू हुआ भण्डारा देर शाम तक चला। भण्डारे में पहुंचे पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह ने विनय त्रिवेदी को जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं देते हुए कहाकि खण्डकार्य विनय त्रिवेदी ने अपने जन्मदिन कैंडल बुझाकर केक काटने के बजाय मन्दिर में भण्डारे का जो आयोजन किया है इससे अन्य लोगों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारा सनातन धर्म भी हमें यही शिक्षा देता है की भारतीय सभ्यता और संस्कृति को संरक्षण प्रदान करें और यह सब ऐसे ही कार्यक्रमों एवं विचारधारा से सम्भव है।

वहीं प्रदीप त्रिवेदी ने अपने उद्‌गार व्यक्त करते हुए कहाकि शिवगढ़ खण्ड कर्यवाह छोटे भाई विनय त्रिवेदी के नेतृत्व में पिछले वर्ष नगर पंचायत के शिवली वार्ड में चलाए गए श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा अभियान में शिवली के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था जिससे आभास होता है कि शिवली का बच्चा-बच्चा सनातन धर्म से जुड़ा है।

